उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

समाज विज्ञान विद्याशाखा

दिनांक : 16 सित0 –2022

ओजोन संगोष्ठी

प्रतिवेदन
समाज विज्ञान विद्याशाखा
संयोजक : प्रो. संतोषा कुमार
आयोजन सचिव : डॉ. संजय कुमार सिंह
सह–आयोजन सचिव : डॉ0 अभिषेक सिंह

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

प्रतिवेदन
ओजोन संरक्षण एक चुनौती

आज दिनांक 16 सितंबर 2022 को विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के अंतर्गत भूगोल समाज विज्ञान विद्या शाखा द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी सह व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया । इस व्याख्यानमाला की संरक्षिका माननीय कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी एवं कार्यक्रम निदेशक प्रोफेसर संतोषा कुमार प्रभारी निदेशक समाज विज्ञान विद्या शाखा थे कार्यक्रम के संयोजक डॉ संजय कुमार सिंह एसोसिएट प्रोफेसर भूगोल एवं कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ अभिषेक सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल ने कार्यक्रम को बड़ी संजीदगी के साथ आयोजित किया कार्यक्रम में लगभग 375 से अधिक प्रतिभागियों ने पूरे देश से विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से प्रतिभाग करने हेतु अपना नामांकन किया है कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर ए आर सिद्दीकी पूर्व अध्यक्ष भूगोल विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद ने आज आईजीआई के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन पुर्तगाल से अपना उद्‌बोधन प्रदान किया प्रोफेसर सिद्दीकी ने वर्तमान परिपेक्ष में ओजोन की सुरक्षा संरक्षा परिवर्धन कैसे किया जाए हम कहां हैं और कैसे जीवन को बचाया जाए पर सारगर्भित तथ्यात्मक विश्लेषणात्मक व्याख्यान दिया विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर गणेश पाठक जी जो पूर्व निदेशक शैक्षणिक जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया ने संबोधित किया विशिष्ट वक्ता ने बताया कि किस तरह से हम ओजोन संरक्षण के कार्यक्रमों को जनमानस में प्रचारित कर सकते जनमानस को कैसे प्रेरित कर सकते विशिष्ट वक्ता पाठक प्रोफेसर पाठक ने अपने व्याख्यान में छिति जल पावक गगन समीरा जैसे पंचतत्व का उद्धरण देते हुए बताया कि इन्हीं पंच तत्वों का संरक्षण ही वास्तव में ओजोन संरक्षण है अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में माननीय कुलपति जी ने अंटार्कटिक में भारत द्वारा स्थापित मैत्री एवं गंगोत्री स्टेशन की परिचर्चा कर उसकी प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए वास्तव में माननीय कुलपति शिक्षाविद के साथ एक महान पर्यावरणविद के रूप में भी अपना व्याख्यान दिया आम जनमानस में वनरोपड़ संवहनी विकास पर अपना विचार दिया और ओजोन कैसे संरक्षित हो उसका स्थायित्व बना रहे इस पर अनेक बिंदुओं पर उन्होंने प्रकाश डाला कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले अतिथियों का स्वागत प्रोफेसर संतोषा कुमार निदेशक समाज विज्ञान विद्याशाखा ने किया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अभिषेक सिंह ने किया अंत में सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन डॉ संजय कुमार सिंह एसोसिएट प्रोफेसर भूगोल के द्वारा दिया गया